## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 22.05.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- एनडीए और इंडी गठबंधन ने तेज किया चुनाव प्रचार, झारखंड में प्रियंका गांधी, डॉक्टर हिमन्ता बिस्व सरमा, शिवराज सिंह चौहान और तेजस्वी सूर्या की चुनावी सभा आज।

2- उच्चतम न्यायालय ने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के फैसले के खिलाफ दायर सभी समीक्षा याचिकाओं को किया खारिज, भाजपा ने कहा लोकतंत्र और विकास की हुई जीत।

3- राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की जमानत याचिका उच्चतम न्यायालय ने की खारिज।

4- टेंडर घोटाला और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार मंत्री आलमगीर आलम की पीएमएलए कोर्ट में हुई पेशी, सुनवाई के बाद कोर्ट ने पांच दिन और बढ़ाई रिमांड की अवधि।

5- राष्ट्रीय योग ओलंपियाड के लिए राज्य के सोलह बच्चों का हुआ चयन, नई दिल्ली में 21 जून को होनेवाले राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में होंगे शामिल।

****************

राज्य में अंतिम दो चरणों के मतदान को लेकर एनडीए और इंडी गठबंधन ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है। कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा आज झारखंड दौरे पर रहेंगी। इस दौरान प्रियंका गांधी गोड्डा और रांची में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगी। वहीं दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी की ओर से असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंता बिस्व सरमा आज धनबाद और दुमका लोकसभा क्षेत्र में तीन जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज धनबाद के झरिया में भाजपा की चुनावी सभा, गोड्डा जिले के मोहनपुर चौक से बसुआ चौक तक रोड–शो और रांची के मोरहाबादी में युवा सम्मेलन में शामिल होंगे। भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद तेजस्वी सूर्या आज जमशेदपुर में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे।

****************

जमशेदपुर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विद्युत वरण महतो से पूर्व मंत्री राजा पीटर ने मुलाकात की। इस दौरान राजा पीटर ने भाजपा प्रत्याशी की जीत का दावा किया और कहा कि झारखंड में सभी 14 सीटों पर एनडीए की जीत होगी।

****************

बिहार के काराकाट संसदीय क्षेत्र से बतौर निर्दलीय चुनावी मैदान में उतरे भोजपुरी अभिनेता और गायक पवन सिंह को भाजपा ने आज पार्टी से निष्कासित कर दिया है। इसे लेकर बिहार भाजपा मुख्यालय प्रभारी अरविंद शर्मा ने पत्र जारी कर दिया है।

****************

उच्चतम न्यायालय ने अनुच्छेद 370 को रद्द करने को वैध ठहराने वाले संविधान पीठ के फैसले के खिलाफ दायर समीक्षा याचिकाओं को खारिज कर दिया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि समीक्षा याचिकाओं पर गौर करने के बाद पाया गया कि कोई मामला नहीं बनता है। इसलिए सभी समीक्षा याचिकाएं खारिज की जाती हैं। पांच जजों की पीठ में न्यायाधीश संजीव खन्ना, बी.आर. गवई, सूर्यकांत, और ए.एस. बोप्पना भी शामिल थे। इधर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि उच्चतम न्यायालय का यह फैसला आशा, लोकतंत्र और विकास की जीत है।

****************

उच्चतम न्यायालय ने जमीन घोटाला मामले में जेल में बंद राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका आज खारिज कर दी। बता दें कि हेमंत सोरेन ने लोकसभा चुनाव में अपनी पार्टी और गठबंधन का प्रचार करने के लिए जमानत मांगी थी। इससे पहले उनकी जमानत याचिका झारखंड उच्च न्यायालय से खारिज हो चुकी थी जिसे उन्होंने उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी थी।

****************

भारतीय जनता पार्टी के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में रांची के एमपी–एमएलए कोर्ट ने कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को 11 जून को सशरीर उपस्थित होने के लिए समन जारी किया है। इससे पहले राहुल गांधी की ओर से एमपी–एमएलए कोर्ट द्वारा जारी समन को झारखंड उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई थी, जिसे अदालत ने खारिज कर दिया था।

****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के सबसे बडे फूड एग्रीगेटर ऐप में से एक के संस्थापक दीपिंदर गोयल की सराहना की है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट पर श्री गोयल का वीडियो साझा करते हुए कहा कि कडी मेहनत बुलंदी पर पहुंचा सकती है। उन्होंने कहा कि श्री गोयल का जीवन सफर असंख्य युवाओं को उद्यमिता के सपने साकार करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि सरकार स्टार्टअप्स को फलने–फूलने के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

****************

टेंडर घोटाला और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार मंत्री आलमगीर आलम की रिमांड अवधि खत्म होने के बाद ईडी ने आज उन्हें पीएमएलए कोर्ट में पेश किया। ईडी के वकील ने कोर्ट से आलमगीर आलम को और 7 दिनों तक रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की अनुमति मांगी। इसके बाद कोर्ट ने आलमगीर आलम को पांच दिनों तक रिमांड पर लेकर पूछताछ की अनुमति प्रदान की।

****************

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से अपने विशेषाधिकार का प्रयोग कर मंत्री आलमगीर आलम को बर्खास्त करने की मांग की है। बाबूलाल ने आज अपने एक्स संदेश में कहा कि ग्रामीण विकास विभाग में मंत्री आलमगीर आलम की कमीशनखोरी का सच सामने आ चुका है और यह दुख का विषय है कि आलमगीर आलम अब तक चंपाई सोरेन के मंत्रिमंडल का हिस्सा हैं।

****************

हजारीबाग जिले के चौपारण थाना की पुलिस ने शराब की पेटियों से भरे ऑटो सहित तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक तस्कर बिहार के गया जिला का रहनेवाला है। थाना प्रभारी दीपक सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि 10 बजे के बाद खुलने वाली सरकारी शराब दुकान को सुबह 6 बजे ही खोल कर

खुलेआम अवैध तरीके से शराब की पेटियों को ऑटो में लोड किया जा रहा है। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की।

****************

गुमला जिला प्रशासन ने इस वर्ष 10वीं और 12वीं की परीक्षा में शीर्ष दस स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को जिला स्तर पर सम्मानित करने का निर्णय लिया है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

साउण्ड बाईट – नरेश कुमार, गुमला – 45 सेकेण्ड

****************

राष्ट्रीय योग ओलंपियाड के लिए राज्य के सोलह बच्चों का चयन हुआ है। ये सभी बच्चे 21 जून को नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में शामिल होंगे। बता दें कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद– एनसीईआरटी, नयी दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय योग ओलंपियाड का आयोजन 18 से 21 जून तक किया जायेगा। इसे लेकर झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद ने कल राज्यस्तरीय योग ओलंपियाड का आयोजन किया। इसमें राज्य़भर के बच्चे शामिल हुए थे जिनमें से सोलह बच्चों का चयन किया गया है।

****************

आईपीएल क्रिकेट के दूसरे एलिमिनेटर मैच में आज शाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना नरेन्द्र मोदी स्टेडियम अहमदाबाद में होगा। एलिमिनेटर का विजेता शुक्रवार को दूसरे क्वालीफायर में सनराइजर्स हैदराबाद से खेलेगा। आईपीएल का फाइनल मैच रविवार को खेला जाएगा। उधर कोलकाता नाइट राइडर्स–केकेआर ने कल सनराइजर्स हैदराबाद–एसआरएच को आठ विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

****************

- गोड्डा जिले के पोड़ैयाहाट प्रखंड के देवदार थाना क्षेत्र स्थित नदी के पास से पुलिस ने एक शव बरामद किया है। शव की पहचान हो चुकी है।
- जामताड़ा समाहरणालय में दुमका लोकसभा क्षेत्र के व्यय प्रेक्षक अमित कुमार ने कल जिले के विभिन्न कोषांगो के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर पारदर्शिता, सतर्कता, निष्ठापूर्वक और सजग रहकर कार्यों का निष्पादन करने की अपील की।

*****समाप्त**********